# RAF SECTOR
# NEWS CLIP
## 09/10/2023

**SERVING HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING**

**Teesara vikalp, New Delhi, (DEL)**

# केन्द्रीय रिर्जव पुलिस के शौर्या ओडिटोरीयम में द्रुत कार्य बल की 31वीं वर्षगांठ मनाई

**⇨ भारत सरकार के गृह राज्य मंत्री नित्यानंद रॉय द्वारा सर्वोच्च प्रशासनिक बटालियन ट्राफी प्रदान की**




**तीसरा विकल्प न्यूज – संवाददाता सुरेश कोहली**

नई दिल्ली – 194 बटालियन द्रुत कार्य बल की 15 बटालियनों में से इस वर्ष की 卐सर्वोच्च प्रशासनिक बटालियन卐 की ट्राफी से नवाजा गया। इस अवसर पर बटालियन के कमाण्डेंट राकेश कुमार सिंह को भारत सरकार के गृह राज्य मंत्री, नित्यानंद रॉय द्वारा 卐सर्वोच्च प्रशासनिक बटालियन ट्राफी卐 प्रदान की गई।राकेश कुमार सिंह, कमाण्डेंट 194 ने ट्राफी ग्रहण करने के उपरान्त इसका श्रेय बटालियन के अधिकारियों , अधिनस्थ अधिकारियो व जवानों को दिया और सभी को धन्यवाद देते हुए उन्हें याद दिलाया कि यह आप सभी लोगों के उस उच्च कोटी के जज्बे के कारण हासिल हुआ है जो कि आप सभी निरन्तर पिछले कई वर्षों से प्रर्दशित करते आ रहे हैं जिसके परिणामस्वरूप हमारी वाहिनी ने गत वर्ष भी 卐सर्वोच्च परिचालनिक बटालियन ट्रॉफी卐 हासिल की थी।उन्होंने कहा की 194 बटालियन द्रुत कार्य बल ने अपनी निष्ठा और लगन पूर्वक कार्य से अपनी साख हर क्षेत्र में स्थापित की है तथा हर चुनौती में इस बटालियन ने गौरवपूर्ण कार्य किया है।द्रुत कार्य बल एक शून्य अंतराल की विशेष फोर्स हैं जो किसी भी आपदा / दंगे की स्थिति मे तत्परता से निपटती है तथा अपने एकमात्र उदेश्य जो कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति के मन में विश्वास की भावना पैदा करना और देश की आंतरिक सुरक्षा को अक्षुण्ण बनाए रखना है और 194 बटालियन ने द्रुत कार्य बल के इस उद्देश्य को पूर्ण करने में हमेशा उच्च प्रर्दशन किया है।

Dainik Rustam, New Delhi, (DEL)

# केन्द्रीय रिर्जव पुलिस के शौर्या ओडिटोरीयम में दृरुत कार्य बल की 31 वी वर्षगांठ मनाई गयी।

दैनिक रुस्तम ए हिंद नसीम खान तावडू = नई दिल्ली. वसंत कुंज में केन्द्रीय रिर्जव पुलिस के ÷शौर्या ओडिटोरीयम÷ में दृरुत कार्य बल की 31 वी वर्षगांठ मनाई गयी 7




इस अवसर पर 194 बटालियन को दृरुत कार्य बल की 15 बटालियनों में से इस वर्ष की ÷सर्वोच्च प्रशासनिक बटालियन÷ की ट्राफी से नवाजा गया। इस अवसर पर बटालियन के कमाण्डेंट राकेश कुमार सिंह को भारत सरकार के गृह राज्य मंत्री, श्री नित्यानंद रॉय द्वारा ÷सर्वोच्च प्रशासनिक बटालियन ट्राफी÷ प्रदान की गई। राकेश कुमार सिंह, कमाण्डेंट 194 ने ट्राफी ग्रहण करने के उपरान्त इसका श्रेय बटालियन के अधिकारियों , अधिनस्थ अधिकारियो व जवानों को दिया और सभी को धन्यवाद देते हुए उन्हें याद दिलाया कि यह आप सभी लोगों के उस उच्च्य कोटी के जज्बे के कारण हासिल हुआ है जो कि आप सभी निरन्तर पिछ्ले कई वर्षो से प्रर्दशित करते आ रहे हैं जिसके परिणामस्वरूप हमारी वाहिनी ने गत वर्ष भी ÷सर्वोच्च परिचालनिक बटालियन ट्रॉफी÷ हासिल की थी। 194 बटालियन दृरुत कार्य बल ने अपनी निष्ठा और लगन पूर्वक कार्य से अपनी साख हर क्षेत्र में स्थापित की है तथा हर चुनौती में इस बटालियन ने गौरवपूर्ण कार्य किया है। दृरुत कार्य बल एक शून्य अंतराल की विशेष फोर्स हैं जो किसी भी आपदा / दंगे की स्थिति मे तत्परता से निपटती है तथा अपने एकमात्र उद्देश्य जो कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति के मन में विश्वास की भावना पैदा करना और देश की आंतरिक सुरक्षा को अक्षुण्ण बनाए रखना है और 194 बटालियन ने दृरुत कार्य बल के इस उद्देश्य को पूर्ण करने में हमेशा उच्च्य प्रर्दशन किया है।

Prabhat khabar, Jamshedpur, (JKD)

# रैफ 106 बटालियन को मिला पुरस्कार



दिल्ली में अवॉर्ड ग्रहण करते रैफ के अधिकारी.

जमशेदपुर. देश भर के सभी रैफ बटालियन में रैफ 106 बटालियन को बेस्ट ऑप्स बटालियन अवॉर्ड प्रदान किया गया है. रैफ 106 को यह अवॉर्ड क्षेत्र में कानून व्यवस्था को बेहतर ढंग से स्थापित करने के लिए प्रदान किया गया है. शनिवार को दिल्ली में रैफ के 31वें स्थापना दिवस समारोह में गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने रैफ 106 बटालियन के कमांडेंट डा. निशीत कुमार को मंच पर बुला कर यह अवॉर्ड (ट्राफी) प्रदान किया गया. इस मौके पर सीआरपीएफ के महानिदेशक सुजॉय लाल थाउसेन, महानिरीक्षक एनी अब्राहम में मंच पर उपस्थित थे.

# City's 106 RAF adjudged Best Corps




**Jamshedpur, Oct 7:** The 106 RAF. Corps, Sundarnagar (Jamshedpur) was honored as the best operational corps at an event held in New Delhi on Saturday. The event marked the 31st Foundation Day of RAF,.The 106 RAF Corps was honoured for its outstanding performance in various states, including Jharkhand, Odisha, Bihar, West Bengal, and Manipur. Minister of State for Home Nityanand Rai, and other distinguished guests, including Sujoy Lal Thousen and Anne Abraham, were present on the occasion.

.Dr. Nishit Kumar, Commandant of 106 RAF Corps received the trophy for the best operational unit, acknowledging the corps' significant role in establishing law and order. The celebration also included a football match, painting competition, cultural program, and a grand dinner at the RAF Camp. (W.pb)

Bhanu mitra, Jamshedpur, (JKD)

# सह कमांडेंट मुकेश कुमार के नेतृत्व में इंदिरा चौक से फ्लैग मार्च शुरू किया गया

भानुमित्र संवाददाता



नारायणपुर समेत अन्य थाना क्षेत्र के संवेदनशील तथा अतिसंवेदनशील इलाके में प्रतिनियुक्ति सी 106 रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों ने फ्लैग मार्च किया। सह कमांडेंट मुकेश कुमार के नेतृत्व में उक्त दस्ते ने शनिवार सुबह जिला मुख्यालय शहर जामताड़ा के इंदिरा चौक से फ्लैग मार्च शुरू किया जो स्टेशन रोड वीर कुंवर सिंह चौक मुख्य बाजार होते हुए पुनः इंदिरा चौक में फ्लैग मार्च संपन्न हुई। फ्लैग मार्च के दौरान और सामाजिक तत्वों या समाज में विद्वेष फैलाने वाले लोगों को चेतावनी का संदेश दिया। उन्हें एहसास दिलाया कि रैपिड एक्शन फोर्स शांति सौहार्द बिगड़ने वाले तत्वों से शक्ति से निपटेगी किसी भी क्षेत्र में सौहार्द नहीं बिगड़ने दिया जाएगा। संदेश में कहा समाज में दंगा , विद्वेष जैसे घटनाओं का कोई स्थान नहीं है। यदि कोई असामाजिक तत्व इसके लिए प्रयास करेगा तो हमारी पुलिस फोर्स एक्शन के लिए तैयार रहेगी। सी 106 बटालियन द्रुत कार्य बल के जवान पूरे साजो समान के साथ अच्छी वेशभूषा में निकलकर क्षेत्र के लोगों को भरोसा दिलाया कि किसी भी परिस्थिति में कानून व्यवस्था को बनाए रखने एवं सामाजिक सौहार्द बनाए रखने में हमारा बटालियन सक्रिय रहेगा। द्रुत कार्यबल हमेशा आप सभी के साथ है। अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि हर आम आदमी अपने आप को सुरक्षित महसूस करें । अराजक तत्वों में दहशत का माहौल स्थापित हो ,इसके लिए ही ऐसी गतिविधि चल रही है। उन्होंने कहा की जनता की सु-रक्षा के लिए सदैव हम सभी तत्पर हैं । कभी किसी के बहकावे में आप सभी को नहीं आना है और ना ही किसी भी प्रकार के अफवाहों पर ध्यान देना है। जामताड़ा शहर में फ्लैग मार्च संपन्न होने के उपरांत पुलिस अधीक्षक माइनस नैथानी के निर्देश पर समाहरणालय समीप आउटडोर स्टेडियम में रैपिड एक्शन फोर्स की टीम ने परिचायात्मक अभ्यास प्रस्तुत कर लोगों को एहसास कराया की विषम परिस्थिति में भी रैपिड एक्शन फोर्स और सामाजिक तत्वों से शक्ति से निपटते हुए क्षेत्र का सौहार्द नहीं बिगड़ने देगा। मौके पर ए एस आई राजेश्वर यादव आदि उपस्थित थे।

Sahebganj ujala, Jamshedpur, (JKD)

# नगर थाना व जिरवाबाड़ी थाना के थाना प्रभारी के नेतृत्व में शहर में निकाला फ्लैग मार्च



**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**साहिबगंज(उजाला)**।शहर में दुर्गा पूजा, छट तथा अपराध और आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण पाने के लिए पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च नगर थाना प्रभारी जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी के नेतृत्व में पैदल फ्लैग मार्च करती पुलिस।जिले में दुर्गा पुजा धठ पुजा बढ़ते अपराध को देखते हुए कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए एसपी नौशाद आलम के निर्देश पर फ्लैग मार्च निकला गया।शुक्रवार को थाना प्रभारी  नेतृत्व में आरएएफ फोर्स दर्जनों की संख्या में जिला पुलिस जवान फ्लैग मार्च में शामिल हुये। फ्लैग मार्च टाउन थाना एवं जिरवाबाड़ी ओपी थाना क्षेत्र में कराया गया जिले में पिछले कुछ महीनों में शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक आये दिन हो रही हत्या, लूट वह अन्य आपराधिक घटनाओं को लेकर एसपी ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है।अपराध पर नकेल कसने केलिए एसपी नौशाद आलम एक्शन में है!आदेश के बाद अब पुलिस कर्मी भी सख्त नजर आ रहे हैं।इधर शहर के विभिन्न चौक चौराहे से काफी संख्या में पुलिस जवानों को पैदल मार्च गुजरने के बाद असमाजिक तत्वों में हड़कंप मच रहा है।वहीं एसपी नौशाद आलम ने जानकारी देते हुए कहा कि  अगले दिन में जिला के शेष बचे थाना क्षेत्रों में यथा मिजाचौकी, बरहेट,बरहरवा,राजमहल अनुमंडल आदि जगहों पर फ़्लैग मार्च निकाला जाएगा।

**Bhanu Mitra, Jamtara, (JKD)**

# नियमित ड्यूटी से पुलिस मानसिक, शारिरिक रूप से थक जाते हैं : एसडीपीओ



**अरविंद कुमार, जागता झारखंड जामताड़ा** : दिन रात ड्यूटी पर तैनात रह रहे पुलिस जवानों के मानसिक दबाव को कम करने के उद्देश्य सेपुलिस कर्मियों के बीच कई प्रकार के खेल प्रतियोगिता का आयोजन की जा रही है। इसी दौरान रविवार को जामताड़ा टाउन थाना परिसर स्थित पुलिस एसोसिएशन कार्यालय प्रांगण के खेल मैदान में जामताड़ा पुलिस और रैपिड एक्शन फोर्स के बीच फ्रेंडली वॉलीबॉल मैच का आयोजन हुआ। इस दौरान जामताड़ा पुलिस और रैपिड एक्शन फोर्स के बीच आयोजित हुई। मैच के आरंभ काल में दोनों टीम के खिलाड़ियों ने एक से बढ़कर एक खेल कलाओं की प्रस्तुति कर जीत का सेहरा अपने-अपने नाम हासिल करने का प्रयास किया। इस दौरान खेल प्रदर्शनइतना अधिक उत्कृष्ट रहा कि मैदान में मौजूद खेल प्रेमियों ने तालिया की गड़गड़ाहट से खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते रहा। अंतिम अवधि में जामताड़ा जिला पुलिस बल के खिलाड़ियों ने आक्रामक खेल प्रस्तुति कर मैच में विजेता घोषित हुवे। मौके पर एसडीपीओ आनन्द ज्योति मिंज ने बताया कि रैफ के जवानों का जामताड़ा आगमन हुआ है। इस मौके पर जॉइंट ट्रेनिंग के तहत फ्रेंडली मैच का आयोजन किया गया। जिसमें आज भोलीबॉल का खेल खेला गया। जिसमें जामताड़ा जिला पुलिस बल विजेता घोषित हुई। जवानों के लिए खेल भी बहुत जरूरी है। नियमित डयूटी से पुलिस मानसिक, शारिरिक रूप से थक जाते हैं, खेल के माध्यम से दिमाग के साथ शरीर को भी सुकून मिलता है। वहीं रेपिड एक्शन फोर्स के सहायक कमांडेंट मुकेश कुमार ने बताया कि एक फेमेलाइजेरेशन अभ्यास है। इसी निमित आज यहाँ फ्रेंडली भोलीबॉल मैच का आयोजन किया गया है। इस खेल का उद्देश्य है कि आज के समय में जवानों का जीवन बहुत ही स्ट्रेसफुल हो गया है। स्ट्रैस को कम करने के लिए सबसे अच्छा खेल का माध्यम है।

**सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।**